Training & Placement Cell
Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date : 10th January, 2023

Notification from MP PSC for 2019 main examination

एमपी पीएससी : 2019 की राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 15 अप्रैल से दोबारा होगी, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 23 से

इंदौर, भोपाल सहित 10 शहरों में 2700 अभ्यर्थी होंगे शामिल, पहले परीक्षा दे चुके 1918 अभ्यर्थी को नहीं देना होगी एग्जाम

भास्कर संवाददाता | इंदौर

एमपी पीएससी 2019 की राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 15 अप्रैल से दोबारा शुरू होगी। 20 अप्रैल तक चलने वाली यह परीक्षा इंदौर, भोपाल सहित 10 शहरों में आयोजित की जाएगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 23 जनवरी से आरंभ होकर 22 फरवरी तक चलेगी। 10 अप्रैल को प्रवेश पत्र जारी होंगे। पहले मेन्स दे चुके 1918 अभ्यर्थियों को इस बार परीक्षा नहीं देना होगी। हाई कोर्ट के निर्णय के बाद पीएससी ने ऐसे अभ्यर्थियों को परीक्षा से छूट दी है। कुल 2700 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

इन शहरों में होगी परीक्षा

इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, सागर, बड़वानी, रतलाम, शहडोल, छिंदवाड़ा, सतना।

किस दिन कौन-सा परचा रहेगा

- 15 अप्रैल को सामान्य अध्ययन-1 (समय सुबह 10 से 1)
- 16 अप्रैल को सामान्य अध्ययन-2 (समय सुबह 10 से 1)
- 17 अप्रैल को सामान्य अध्ययन-3 (समय सुबह 10 से 1)
- 18 अप्रैल को सामान्य अध्ययन-4 (समय सुबह 10 से 1)
- 19 अप्रैल को सामान्य हिंदी (समय सुबह 10 से 1)
- 20 अप्रैल को हिंदी निबंध लेखन (समय सुबह 10 से 12)

क्यों अहम है यह परीक्षा?

क्योंकि 2019 की प्रारंभिक परीक्षा 12 जनवरी 2020 को हुई थी। तब से तकनीकी कारणों और विवादों के चलते नियुक्तियां नहीं हो सकी। हालांकि कोविड की 2020 और 2021 की लहरों के कारण भी परीक्षा पर असर पड़ा। तमाम विवादों के बीच पिछले माह जबलपुर हाई कोर्ट ने उन अभ्यर्थियों के पक्ष में निर्णय सुनाया, जो पहले मुख्य परीक्षा देकर इंटरव्यू के लिए चयनित सूची में आ चुके हैं। इनकी संख्या 1900 से ज्यादा है। इन्होंने याचिका लगाकर कहा था कि जब वे मुख्य परीक्षा दे चुके हैं तो दो दोबारा क्यों दें? कोर्ट के निर्णय के बाद पीएससी करीब 2700 अभ्यर्थियों के लिए मुख्य परीक्षा ले रहा। ये वे अभ्यर्थी हैं जो 2019 की प्री के रिवाइज्ड रिजल्ट के बाद मुख्य परीक्षा के लिए पात्र हुए। इन्हें आरक्षण के नए फार्मूले से जारी किए गए। कोर्ट ने पीएससी को लिखित परीक्षा और इंटरव्यू प्रक्रिया 6 माह में पूरी करने के निर्देश दिए थे।

571 पदों के लिए चार बार टल चुके इंटरव्यू, अब जून-जुलाई में उम्मीद - साढ़े 3 साल बाद भी पीएससी 2019 की राज्य सेवा परीक्षा के अभ्यर्थियों को नौकरी नहीं दिलवा पाया। लेकिन इस बार उम्मीद बढ़ी है, क्योंकि मई में रिजल्ट आने की संभावना है। जून-जुलाई में इंटरव्यू हो सकते हैं। इससे पहले पीएससी ने राज्य सेवा परीक्षा-2018 के 298 स्वीकृत पदों में से 286 की नियुक्तियां की थीं। तब डिप्टी रजिस्ट्रार के 27, डीएसपी के 10, जिला जेल अधीक्षक के 2, जिला आबकारी अधिकारी के 2, वाणिज्यिक कर अधिकारी के 5, नायब तहसीलदार के 77 सहित 286 के नाम चयन सूची में शामिल थे।

अब तक क्या हुआ?- राज्य सेवा-2019 की प्रारंभिक परीक्षा 12 जनवरी 2020 को हुई थी। फिर कोविड फैलने के कारण मुख्य परीक्षा अटक गई। यह 2021 में 21 से 26 मार्च के बीच हो पाई। कोविड की दूसरी लहर के कारण इसका रिजल्ट अटक गया। फिर 9 माह बाद 1 जनवरी 2022 को आया। मार्च में इंटरव्यू प्रस्तावित थे, लेकिन मामला कोर्ट में होने की वजह से इंटरव्यू अटक गया। हालांकि अब रास्ता साफ हो गया।

Regards,

ANIL MISHRA
(Training & Placement Officer)